मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 219
सोमवार, 24 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## पीएम मोदी ने कैंसर अस्पताल का किया शिलान्यास

### बागेश्वर धाम में अब भजन और भोजन के साथ मिलेगा निरोगी जीवन



**छतरपुर, 23 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान शोध संस्थान की आधारशिला रखी। इस दौरान वहां मुख्यमंत्री मोहन यादव और धीरेंद्र शास्त्री भी मौजूद रहे।

इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। इससे पहले पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का भी केंद्र बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। मैं इस पुनीत कार्य के लिए श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी का अभिनंदन करता हूं और बुंदेलखंड के लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूं।'

पीएम मोदी ने कहा, 'आज कल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है।' उन्होंने कहा कि हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग, सदियों से किसी न किसी वेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारे मत, मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं।

पीएम ने कहा, 'ये लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं।

जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर ये किचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना और उसको तोड़ना ही इनका एजेंडा है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेन्द्र शास्त्री जी काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूरत करते रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की ठानी है। यानि, अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा।'

पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम... ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं, तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया।

हमारे ऋषियों ने ही हमें योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'आज कल हम देख रहे हैं महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं।

## नेपाली छात्र ओडिशा के बच्चे हैं, वे राज्य में पूरे सम्मान के साथ पढ़ेंगे : मुख्यमंत्री माझी



**ओडिशा, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को कहा कि ओडिशा में पढ़ रहे नेपाली छात्र राज्य के बच्चे ही हैं और वे पूरे सम्मान एवं गरिमा के साथ अपनी शिक्षा जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि माझी ने नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने देउबा को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार 20 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा की कथित आत्महत्या और उसके बाद कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) में नेपाली विद्यार्थियों पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, राज्य सरकार (केआईआईटी में) घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रही है और छात्रों के विश्वास को बहाल करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। नेपाल की विदेश मंत्री ने माझी को धन्यवाद दिया और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया। माझी ने नेपाल दूतावास के अधिकारियों संजीव दास शर्मा और नवीन राज अधिकारी से लोक सेवा भवन स्थित अपने कक्ष में मुलाकात की और उन्हें बताया कि नेपाली छात्रों पर हमले की घटना के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। माझी ने दूतावास के अधिकारियों से कहा, घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केआईआईटी परिसर में शैक्षणिक माहौल को बहाल करने के लिए सरकार द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## सिंधु विकास समिति के नए पदाधिकारियों ने लिया पद एवं गोपनीयता की शपथ




**वाराणसी।** सिंधु विकास समिति के 33वां दायित्व ग्रहण समारोह धूमधाम से संपंन किया गया। रविवार को मडुवाडीह स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में संगठन पदाधिकारियों को अधिष्ठान अधिकारी चंदन रुपानी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने समाज को ईमानदारी के साथ दायित्वों के निर्वहन का भरोसा दिलाया। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष भानु बाधवानी, सचिव पंकज भागचंदानी, कोषाध्यक्ष बादल बत्रा सहित 35 बोर्ड मेम्बर्स शामिल है। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह ने संस्था द्वारा देश व समाज हित में किए कार्यो की सराहना की। जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर संजय राय ने सिंधी समाज द्वारा युवाओं को समाज सेवा के साथ सभ्यता, संस्कृति में भी अहम्‌ भूमिका निभाने के लिए बधाई दी। मुख्य वक्ता हाईकोर्ट के उदय चंदानी ने कहा कि आज सिंधी समाज का युवा व्यापार के साथ ही हर सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस दौरान वर्षपर्यंत उत्कृष्ट काम करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया गया ।इस दौरान संस्था का परिचय आलोक तलरेजा ने दिया व कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका संरक्षक राजकुमार वाधवानी, सुरेश वाध्या, मनोज लखमानी, विरेन्द्र केशवानी का रहा। जबकि समारोह का सफलतापूर्वक संचालन राजचांगरानी, दीपक वासवानी ने किया।

## निजीकरण स्वीकार्य नहीं, होगा उग्र आंदोलन

- जूनियर इंजीनियर संगठन द्वारा विद्युत सुधार गोष्ठी आयोजित
- मुख्य अभियंता अनिल वर्मा ने विद्युत आपूर्ति में सुधार की बात की

सुरेश गांधी




**वाराणसी।** काशी की विद्युत व्यवस्था विश्वस्तरीय किए जाने हेतु राज्य विधुत परिषद जेई संगठन शाखा वाराणसी द्वारा विधुत सुधार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति वाराणसी जोन प्रथम के मुख्य अभियंता अनिल वर्मा एवं विशिष्ट अथिति केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव एवं डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ केंद्रीय उपमहासचिव पी के राय उपस्थित रहे। राज्य विधुत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उप्र के केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार निजीकरण के विरुद्ध चलाये जा रहे ध्यानाकर्षण आंदोलन के अनुक्रम रविवार को बिजली व्यवस्था में सुधार व आंदोलन की रणनीति तय की गयी. इसके बाद विद्युत सुधार गोष्ठी मे प्रबंधन के सम्मुख 20 सूत्री मांग पत्र दिया गया. अवधेश मिश्रा ने बताया कि ऊर्जा प्रबंधन पूजीपतियों को लाभ पहुंचाने के मंशा के अनुरूप कार्य कर रहा है, विभाग के बेहतरी के लिए कोई कार्य नहीं कर रहा अवधेश यादव ने बताया कि निजीकरण किसी भी दशा मे स्वीकार नहीं किया जायेगा, चाहे इसके लिए केंद्र को जिस अस्तर तक लड़ाई लड़नी पड़े लड़ा जायेगा, तथा प्रबंधन को चेतावनी दिया कि जल्द से जल्द निजीकरण कि प्रक्रिया पर विराम लगाया जाये अन्यथा कि इस्थिति मे संगठन वृहत स्तर पर आंदोलन को बाध्य होगा! डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के केंद्रीय उपमहासचिव श्री पी के राय जी ने कहाँ कि ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण का फैसला जन विरोधी है यह पूर्ण रूप से पूजीपतियों को लाभ पहुंचने के मकसद से किया जा रहा है!

उन्होंने प्रबंधन को चेताया कि अगर जल्द से जल्द निजीकरण कि कार्यवाही को तत्काल निरस्त करे वरना प्रदेश के डिप्लोमा इंजीनियर संघ के 24,000 अभियंता इस लड़ाई मे राज्य विधुत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के साथ आंदोलन को बाध्य होंगे! सभा में अध्यक्ष मनीष राय द्वारा बताया गया कि वाराणसी मे निर्बाध विधुत आपूर्ति कराने के लिए संगठन संकल्पबद्ध है! जिसके आगामी ग्रीष्म ऋतू से पूर्व जनपद के सभी ओवर लोड ट्रांसफार्मर, फीडर वाइफरकेशन, पावर ट्रांसफार्मर के ओवरलोडिंग आदि सभी समस्याओ को समय रहते दूर करने हेतु अविलम्ब कार्यवाही की आवश्यकता है! प्रबंधन के तरफ से मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि संगठन द्वारा उपलब्ध करवाए गए मांग पत्र पर विचार कर अपने स्तर से अविलम्ब कार्यवाही किये जाने का प्रयास किया जायेगा! उनके द्वारा अश्वस्त किया गया कि जनपद वाराणसी मे संगठन के पदाधिकारीयों से प्रत्येक माह वार्ता कर बेहतर विधुत वयवस्था किये जाने पर मंथन करते हुए समस्त समस्याओ का निवारण किया जायेगा!

## सभी राजनीतिक दलों को बंगाल में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और जनसांख्यिकी में बदलाव से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित राज्य राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का इससे इनकार करना, हैरान करने वाला है और यह घुसपैठ रोकने के प्रति उनकी उदासीनता को दशार्ता है। उन्होंने कहा, देखिए कि अंसारुल्ला बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन बंगाल के जिलों में कैसे अपना आधार फैला रहे हैं। देखिए कि कैसे जनसांख्यिकी बदल रही है, खासकर सीमावर्ती जिलों में। पुलिस और राज्य प्रशासन क्या कर रहे हैं, वे आंखें फेरे हुए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एनआरसी के सख्त कार्यान्वयन से ही घुसपैठियों को बाहर निकाला जा सकता है और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले जिहादी तत्वों का पता लगाया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, सभी राजनीतिक दलों को एनआरसी का समर्थन करना चाहिए। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो हम बंगाल में एनआरसी लागू करेंगे।

## भारत में घुसपैठ पर नियंत्रण, घुसपैठियों में विपक्ष देखता है वोटबैंक : सुधांशु त्रिवेदी



**वाराणसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घुसपैठ पर किए जा रहे ताबड़तोड़ एक्शन को बीजेपी ने सराहना की है। रविवार को वाराणसी पहुंचे बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को ही वापस उनके देश भेजा जा रहा है, भारत भी घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए कई अहम कदम उठाए। उसमें सबसे बड़ा कड़ा सीएए और एनआरसी का है। अमेरिका में घुसपैठ पर त्वरित एक्शन इस लिए देखने को मिल रहा है, क्योंकि वहां घुसपैठ पर राजनीति नहीं हो रही है। भारत में घुसपैठ पर एक्शन लिए जाने पर विपक्ष राजनीति करने लगती है। असम में एक्शन हुआ, तो बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने क्या किया, वह पूरे देश ने देखा। बता दें, अमरिका में घुसपैठ को रोकने और उसे समाप्त करने को लेकर अमेरिका काफी सख्त हो गया है। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को उनके देश वापस भेजा जा रहा है। वही अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले भारतीयों को भी वापस भेजे जाने पर देश की राजनीति गरमा गई है। सड़क से संसद तक विपक्ष के नेता इस मामले को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना कर रहे है। इसी मामले में जब पत्रकारों ने घुसपैठ के मुद्दे को लेकर अमेरिका के एक्शन के सवाल किया तो बिना लागलपेट के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 2014 के बाद जब से पीएम मोदी के नेतृत्व वाले सरकार बनी, तब से घुसपैठ को नियंत्रित किए जाने की कवायत शुरू हो गया। पहले बांग्लादेश के बोर्डर पर फिनिशिंग की गई और अब पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जा रहा है। हमने घुसपैठक को नियंत्रित किया है और जो अंदर रहने वाले लोग है उन्हें चिन्हित किया है। भारत में जो घुसपैठ की समस्या है, वह अमेरिका से काफी जटिल है। अमेरिका में घुसपैठियों में वोट बैंक नहीं देखा जाता, लेकिन भारत में वोट बैंक के रूप देखा जाता है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बांग्लादेश के लिए आर्टिकल लिखते है और उसमें मोदी हैज बीन गो लिखा जाता है। विपक्ष किसी भी सीमा पर कंप्रोमाइज कर सियासत के नफे नुकसान पर तौलती है।









# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे



-ललित गर्ग

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का जिम्मेदार समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सवेर्षां अविरोधेन है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं विविधता में एकता, लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम हिंदुत्व है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है। हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगद्गुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संघ की ऐसी आलोचना करने वाले समय, शक्ति और अर्थ का अपव्यय करते हैं तथा अपनी बुद्धि के दिवालियापन को उजागर करते हैं। संघ न केवल देश बल्कि दुनिया का बहुचर्चित एवं सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। जो बहुचर्चित होता है उसका विरोध भी होता है। निरूद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी विचारधाराओं एवं संगठनों की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का स्वयंभू प्रमाण बन जाता है। संघ एवं मोहन भागवत की आलोचना करने वाले तथा उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने वाले लोग एवं संगठन स्वयं को कमजोर अनुभव करते हुए भी समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित होना चाहते हैं, वे ही ऐसी आलोचना करते हैं। उनकी आलोचनाएं एक जीवंत परंपरा को झुठलाने के असफल प्रयास ही रहे हैं।

हिन्दू एकता के अभाव में ही देश में जेहादी आतंकवाद, तीन करोड़ विदेशी बांग्लादेशियों की घुसपैठ, हिन्दुओं का धर्मान्तरण, गौहत्या, मठ-मंदिरों की सरकारी अधिग्रहण के माध्यम से लूट, हिन्दू संतों और देवताओं का अपमान, नारियों पर अत्याचार-बलात्कार, हिन्दुओं के साथ अंधाधुंध भेदभाव, अन्याय, अत्यन्त सहनशील हिन्दू समाज और महान हिन्दू धर्म को नष्ट करने के षडयन्त्र बहुत तेजी से बढ़े। हिन्दू एकता से ये बुराइयां स्वयं नष्ट होने लगेंगी। इससे सबसे अधिक लाभ समाज की दौड़ में पिछड़े रह गए बन्धुओं को, गरीबों को और देश के बेरोजगार नवयुवकों को मिलेगा। हिन्दू विरोधी अपने को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने वाले राजनेताओं ने भ्रष्टाचार के माध्यम से गरीब जनता के परिश्रम का लाखों करोड़ रुपया हड़पा है। अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस जैसी ताकते भारत विरोधी विमर्श गढ़ने के लिये अकूत पैसा झोंक रहे हैं, वही हमारे देश के कुछ राजनीतिक दल उसके हाथों खेल रहे हैं। सिकंदर से लेकर सोरोस तक हुए ऐतिहासिक आक्रमणों एवं साजिशों पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कुछ मुट्ठीभर बर्बर लोगों ने, जो गुणों में श्रेष्ठ नहीं थे, भारत पर शासन किया, तथा समाज में विश्वासघात का चक्र जारी रहा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था तथा भारत के विखंडित होने की धारणा अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। लेकिन अब न केवल भारत बल्कि भारत का बहुसंख्य हिन्दू समाज इन साजिशों को नाकाम करने में सक्षम है।

भारत एक हिंदू राष्ट्र है और हिंदुत्व देश की पहचान का सार है। संघ स्पष्ट रूप से देश की पहचान को हिंदू मानता है क्योंकि राष्ट्र की सभी सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाएं इसी के सिद्धांतों से चलती हैं। भागवत के अनुसार हिन्दुत्व ऐसा शब्द है, जिसके अर्थ को धर्म से जोड़कर संकुचित किया है। संघ की भाषा में उस संकुचित अर्थ में उसका प्रयोग नहीं होता। यह शब्द अपने देश की पहचान, अध्यात्म आधारित उसकी परंपरा के सनातन सत्य तथा समस्त मूल्य सम्पदा के साथ अभिव्यक्ति देने वाला शब्द है। संघ मानता है कि हिंदुत्व शब्द भारतवर्ष को अपना मानने वाले, उसकी संस्कृति के वैश्विक व सार्वकालिक मूल्यों को आचरण में उतारना चाहने वाले तथा यशस्वी रूप में ऐसा करके दिखाने वाली उसकी पूर्वज परम्परा का गौरव मन में रखने वाले सभी 150 करोड़ लोगों पर लागू होता है। मोहन भागवत ने फिर हिन्दू एकता का आह्वान किया है। आओ, फिर एक बार जागें, संकीर्णता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें।

# चीन में कोरोना की तरह एक और वायरस मिला है



अशोक भाटिया

## इतिहास गवाह है कि बहुताय वायरस चीन से ही फैलते है !

चीन में कोरोना की तरह एक और वायरस मिला है। इसके जानवर से इंसान में फैलने का खतरा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के वुहान इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के रिसर्चर्स ने इस नए वायरस को खोजा है। इसी लैब से कोरोना वायरस के दुनिया में फैलने के आरोप लगे हैं। जानना हरूरी है कि यह वायरस भी इंसानी सेहत के लिए यह कितना बड़ा खतरा हो सकता है: इस वायरस का नाम HKU5-उङ्ग्श-2 है। यह वायरस उन्हीं प्रोटीन का इस्तेमाल कर कोशिकाओं यानी सेल्स में घुसता है, जो Covid-19 फैलाने वाले SARS-CoV-2 वायरस में थे। इस वायरस को चीन में चमगादड़ों में पाया गया है। भले ही इस वायरस में इंसानों को संक्रमित करने की क्षमता हो, लेकिन अभी यह साफ नहीं हुआ है कि यह जीवों से सीधे इंसान में पहुंच सकता है या नहीं। यह वायरस Merbecovirus सब-ग्रुप से आता है, जिसमें MERS वायरस भी शामिल है, जिसने मिडिल ईस्ट में महामारी फैलाई थी।

बताया जाता है कि चीनी वैज्ञानिकों को रिसर्च में पता चला है कि नए वायरस से कोरोना की तरह ही मानव कोशिकाएं संक्रमित हो सकती हैं। यह न सिर्फ चमगादड़ बल्कि इंसानों समेत कई जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। स्टडी में भी पता चला है कि इस नए वायरस के चमगादड़ से इंसानों में फैलने का खतरा काफी ज्यादा है। हालांकि इसके इंसान से जुड़ने की क्षमता कोरोना वायरस से कम है। यह वायरस मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (MERS) के कारण बनने वाले कोरोनावायरस परिवार से बेहद नजदीक है। फिलहाल इस खतरे की आशंका को देखते हुए चीनी वैज्ञानिक चौकन्ना हो गए हैं और अपनी निगरानी बढ़ा दी है। इसके जानवरों से इंसानों में फैलने की संभावना को लेकर चिंताएं बढ़ सकती हैं। इस खोज के बाद एक बार फिर से कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर बहस तेज हो गई है। हाल ही में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA ने दावा किया था कि कोविड-19 महामारी प्राकृतिक नहीं थी। बल्कि यह वायरस लैब से लीक हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस वायरस को ह्लचीनी वायरसह्व कहकर संबोधित करते रहे हैं। हालांकि, चीन इन सभी दावों को नकारता रहा है और यह दावा करता है कि वायरस की उत्पत्ति प्राकृतिक रूप से हुई थी।

कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैला था। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही थे। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) था। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा गया था। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल था। HMPV के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आए थे। दुनिया भर में कई ऐसे कोरोनावायरस हैं, जो जानवरों को संक्रमित करते हैं, लेकिन नए खोजे गए वायरस में जानवर से इंसान में फैलने की क्षमता है, ठीक उसी तरह जिस वायरस के कारण कोविड-19 के समय हुआ था। हालांकि, अभी तक नए कोरोनोवायरस की पहचान सिर्फ लैब में की गई है और अब तक मनुष्यों में इसका पता नहीं चला है।

इस बात में कोई शक नहीं है कि दुनिया के कई खतरनाक वायरस चीन की धरती से ही फैले हैं। भले ही आपको लगता हो कि चीन से फैलने वाली सबसे खतरनाक बीमारी कोरोना है। लेकिन ऐसा नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन से उभरने वाली सबसे विनाशकारी महामारी प्लेग या ब्लैक डेथ थी जिसने 1346 से 1353 तक अफ्रीका, एशिया और यूरोप को तबाह कर दिया था। अनुमान है कि इसमें 75 से 200 मिलियन लोगों की जान चली गई थी। छठी, 14वीं और 19वीं शताब्दी में दुनिया को तबाह करने वाली प्लेग की बड़ी लहरें चीन से ही शुरू हुई थीं। वहीं, पिछले 100 सालों की बात करें तो चीन से 1918, 1957, 2002 और 2019 में महामारी फैल चुकी है। 1957-1959 के बीच भी दुनिया में एक भयानक तबाही आई थी। इस महामारी का नाम 'एशियन फ्लू' रखा गया। क्योंकि यह चीन से पूरी दुनिया में फैला था। इस महामारी के प्रकोप का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज 2 साल के भीतर ही इस फ्लू से दुनिया भर में करीब 20 लाख लोगों की मौत हुई थी। 1918 में एक महामारी आई थी जिसे 'स्पेनिश फ्लू' के रूप में जाना जाता है। हालांकि, ये महामारी ऐसे समय में आई थी जब दुनिया में पहले विश्व युद्ध की चर्चा थी। ऐसे में तमाम सेंसरशिप के कारण ये स्पष्ट नहीं है कि आखिर ये महामारी दुनिया में कैसे फैली। लेकिन तमाम रिपोर्ट में दावा किया जाता है कि इसकी उत्पत्ति भी चीन में हुई थी। बता दें कि 1918 की महामारी को सदी की सबसे घातक महामारी बताया गया है। इस महामारी के चलते वैश्विक स्तर पर 20 मिलियन से 50 मिलियन लोग मारे गए थे। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स इस आंकड़े को 100 मिलियन के करीब बताती हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, लगभग 500 मिलियन लोग, यानी उस समय दुनिया की लगभग 30% आबादी इस महामारी की चपेट में थी। इसी तरह 2002 में फैली सार्स नामक महामारी ने भी तबाही मचाई थी और ये भी चीन से ही फैला था।

सवाल यह है कि आखिर चीन से ही क्यों फैलता है वायरस ? तो बताया जाता है कि दुनिया की कई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन से ही वायरस फैलने के पीछे उसकी घनी आबादी है, जो जानवरों की कई प्रजातियों के साथ खुले तौर पर संपर्क में है। जबकि वहां स्वच्छता को लेकर भी काफी समस्या है। इकोहेल्थ एलायंस के अध्यक्ष डॉ। पीटर दासजक ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि दक्षिण मध्य चीन वायरस के लिए एक 'मिक्सिंग वेसल' है। वहां स्वच्छता में भारी कमी और लचीली निगरानी के साथ बड़े पैमाने पर पशु पालन होता है। उन्होंने बताया था कि किसान अक्सर अपने पशुओं को 'वेट मार्केट' में लाते हैं जहां वे सभी प्रकार के विदेशी जानवरों के संपर्क में आ सकते हैं।

रिपोर्ट बताती हैं की चीन के सांस्कृतिक कारण भी वहां वायरस फैलने के लिए जिम्मेदार हैं। दरअसल, चीन में ताजे मीट की खपत कहीं ज्यादा है। चीनी लोगों का मानना है कि ताजे मीट फ्रोजन की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट हैं। यहां खुले में मीट काटना आम है, जिससे हमेशा वायरस फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं, चीन के लोगों की एक और आम आदत है। यहां जब कोई शख्स बीमार होता है तो ज्यादातर लोग पहले पारंपरिक चीनी चिकित्सा (TCM) की तलाश करते हैं। जहां लोगों को इलाज के नाम पर एक्यूपंक्चर या अप्रभावी हर्बल के साथ ही जानवरों से जुड़े उपाय बताए जाते हैं। इससे ज्यादा संख्या में जानवर भी मारे जाते हैं और साथ ही लोगों में वायरस फैलने का खतरा भी बढ़ता है। वहीं, चीन अपनी गलत सूचना, गोपनीयता और सेंसरशिप के लिए भी जाना जाता है, जिससे नई बीमारियों के पनपने और फैलने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा कोरोना महामारी के समय भी देखने को मिला। जानवरों के साथ चीनी वैज्ञानिकों के प्रयोग भी हमेशा सवालों के घेरे में रहे हैं।

कुछ एक्सपर्ट्स दावा करते हैं एशिया और अफ्रीका में बड़े पैमाने पर आबादियों के गांवों से शहरों में शिफ्टिंग के कारण भी वायरस फैलते हैं। पूरे एशिया और प्रशांत क्षेत्रों में तेजी से शहरीकरण हो रहा है, जहां दुनिया का 60% हिस्सा पहले से ही रहता है। विश्व बैंक के अनुसार, 21वीं सदी के पहले दशक के दौरान पूर्वी एशिया में लगभग 200 मिलियन लोग शहरी क्षेत्रों में चले गए। इसमें चीन में सबसे बड़े स्तर पर माइग्रेशन हुआ। इतने बड़े पैमाने पर लोगों के एक जगह से दूसरे जगह पर शिफ्ट होने के कारण जंगलों को खत्म किया गया है। इससे पारिस्थितिकी पूरी तरह से बदल गई।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी



-रमेश सर्राफ धमोरा

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी। हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं।

डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है।

गंगााजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

# जहर उगलने वाले क्या जानें 'उर्दू की मिठास'



-तनवीर जाफरी

आपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हाँ हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्रायः हिंदी में ही लिखता पढता हूँ। परन्तु शेर-ो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है ,इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात( अमृत ) पीकर आई है' तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों,साहित्यकारों,राज नेताओं,बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।

मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूँकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिये लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रुपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्ताँ, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है।

इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुये उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुये यह कहा कि - ये 'अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा।' योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है ? क्या उर्दू पढ़कर लोग ₹कठमुल्ला ₹ बन जाते हैं ?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित,पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर,दया नारायण निगम,जगत मोहन लाल 'रवां' ,नौबत राय 'नजर',मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क' , नाथ मदन सहाय ,पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार',राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख़्तर , राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद ',कृष्ण बिहारी नूर,संजय मिश्रा 'शौक ,राम प्रकाश बेखुद, खुशबीर सिंह शाद ,मनीष शुक्ल,आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर,रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल,अशफाकुल्लाह खान,सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गाँधी,पंडित जवाहरलाल नेहरू,रघुपति सहाय फिराक,आनंद नारायण 'मुल्ला',ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिये उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओँ से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गये हैं। जैसे फैजाबाद,मुगलसराय,इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं। ऐसे ही संकीर्ण मानसिकता के लोगों की नजरों में उर्दू पढ़ने वाला सिर्फ 'मौलवी' बनता है वह भी 'कठमुल्ला '? कहना गलत नहीं होगा कि ऐसी ही संकीर्ण मानसिकता के लोग हमारे देश की सांझी तहजीब के दुश्मन हैं। इन्हें मुसलमानों से नफरत,मस्जिदों से नफरत,मदरसे इन्हें नहीं भाते,उर्दू शब्दों वाले नामों से इन्हें नफरत। कब्रिस्तान और शमशान में भेद करना इन संकीर्ण मानसिकता वादियों का व्यसन। धर्मों,जातियों व भाषाओं का विरोध करने वाले यह लोग इतने शातिर हैं कि यदि कोई इन संकीर्ण अतिवादियों का विरोध करे तो यह उसे विधर्मी,देशद्रोही,राष्ट्र विरोधी कुछ भी कह डालते हैं। क्योंकि दुर्भाग्यवश देश की सत्ता आज विषवमन करने वाले ऐसे लोगों के हाथों में है जो 'उर्दू की मिठास' व उसके एहसास व प्रभाव को समझ पाने की क्षमता कतई नहीं रखते।

## विश्वकर्मा बंधुओं ने दिखाई एकजुटता, महारैली को लेकर हुई चर्चा

पटना। अप्रैल 2025 में होने वाली विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन को लेकर सिपारा स्थित वैष्णवी उत्सव हॉल में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सैकड़ों विश्वकर्मा बंधुओं ने शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक हर क्षेत्र में उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग जब तक एमपी, एमएलए नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज के अधिकार का हनन होते रहेगा।

## श्री नागेश्वर महादेव मंदिर, चेम्बूर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों से

**मुंबई।** देवो देव महादेव का प्रमुख पर्व महाशिवरात्रि के पर्व की तैयारी नगर व उपनगर के शिव मंदिरों में जोरों से शुरू है। इसी कड़ी में विगत 28 वर्षों से चेम्बूर के घाटला गाँव परिसर में स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में 26 व27 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा , प्रातः 4 बजे भोलेनाथ का श्रृंगार अभिषेक आरती के पश्चात अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ प्रातः 8 बजे शुरू होकर 27 फरवरी शाम5 बजे तक चलेगा। जिसके उपरांत हवन, महाआरती के बाद विशाल भण्डारा का आयोजन संपन्न होगा।, हजारो शिवभक्तों के अलावा राजनीतिक सामाजिक हस्तियां भी श्री नागेश्वर महादेव मदिर में दर्शन लेने के लिए पहुंचती है ।मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोदकुमार पाण्डेय ने बताया की मंदिर पौराणिक होने के अलावा मनोवांछित फल देने के सुविख्यात है।

## टीमलीज एडटेक ने करियर आउटलुक रिपोर्ट पेश की

**मुंबई।** भारत की प्रमुख लर्निंग और एम्प्लॉयबिलिटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी टीमलीज एडटेक ने अपनी व्यापक करियर आउटलुक रिपोर्ट ल्ठ 1 (जनवरी - जून 2025) जारी की है, जिसमें नए ग्रेजुएट्स के लिए भारत के उभरते प्रोफेशनल परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ल्ठ 1 2025 में फ्रेशर्स के लिए हायरिंग इंटेंट 74% तक पहुंच गया है, जिससे आने वाले महीनों में उद्योगों के बढ़ते आत्मविश्वास का संकेत मिलता है। 2025 के पहले छह महीनों में कई उद्योगों में भर्ती की गति बढ़ी है। ई-कॉमर्स और टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स में हायरिंग इंटेंट 61% से बढ़कर 70% हो गया (+9%), मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यह 52% से बढ़कर 66% हो गया (+14%), और इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर में यह 59% से बढ़कर 62% तक पहुंच गया (+3%)। आईटी सेक्टर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जहां एंट्री-लेवल हायरिंग इंटेंट ल्ठ 2 2024 के 45% से बढ़कर 59% तक पहुंच गया। हेल्थकेयर और फार्मास्युटिकल सेक्टर ने भी सकारात्मक रुझान दिखाया, जो 47% से बढ़कर 52% हो गया (+5%)। छोटे सेक्टर जैसे पावर और एनर्जी तथा मार्केटिंग और एडवरटाइजिंग ने भी क्रमशः 4% और 2% की वृद्धि दर्ज की, जिससे उनकी हायरिंग इंटेंट दर 22% और 11% हो गई। स्थान के आधार पर देखा जाए तो बेंगलुरु (78%), मुंबई (65%), दिल्ली-एनसीआर (61%) और चेन्नई (57%) नए ग्रेजुएट्स के लिए रोजगार के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डीप-टेक स्किल्स पर आधारित नौकरियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। प्रमुख जॉब रोल्स में क्लिनिकल बायोइनफॉर्मेटिक्स एसोसिएट, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, सस्टेनेबिलिटी एनालिस्ट, प्रॉम्प्ट इंजीनियर, एआइ और मशीन लर्निंग इंजीनियर, क्लाउड इंजीनियर और साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट शामिल हैं।

## महा महाशिवरात्रि विश्व योगी दिवस का आयोजन

**मुंबई।** प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं एवं दुर्लभ दिव्य घटनाओं का एक अद्भुत मिलन 26 फरवरी, 2025 को हो रहा है, जिस अवसर पर दुनिया भर में लाखों साधक एकजुट होकर महा महाशिवरात्रि 2025 का पर्व मनाने की तैयार में लग चुके हैं। इस बार भारत के प्रयागराज में होने वाले महा कुंभ मेले के अवसर पर इसका असाधारण संयोग बन रहा है, जहां सूर्य, चंद्रमा, बृहस्पति और शनि एक युति में रहेंगे जिससे चेतना विस्तार हेतु एक अद्वितीय प्रवेशद्वार खुलने का योग है। इस वैश्विक आध्यात्मिक कार्यक्रम में नंदीजी - महा महाशिवरात्रि विश्व योगी दिवस - एक इमर्सिव वर्चुअल आत्मिक तीर्थयात्रा का संचालन करेंगे, जो चेतना के उत्थान, नेतृत्व क्षमता की जागृति एवं उच्चतर चेतना शक्ति के दोहन के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। विश्व योगी दिवस महाशिवरात्रि एवं वैश्विक ज्ञानोदय को प्रोत्साहित करने वाले एक कॉनसियस सोशल प्लेटफॉर्म उठएरर के संस्थापक नंदीजी ने कहा, 144 वर्षों में एक बार होने वाले दुर्लभ संरेखण की इस लौकिक घटना का प्रभाव महाकुंभ मेले के अवसर पर प्रवर्धित हो रहा है, जहाँ 60 करोड़ से अधिक लोगों की प्रार्थनाएं बृहस्पति ग्रह की 12-वर्षीय परिक्रमा के साथ मिलती हैं, जिससे गुरु की शक्ति प्रबल होती है और यही चेतना है।

## टाटा मोटर्स ने टाटा सफारी के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने टाटा सफारी की 27वीं वर्षगांठ के मौके पर एक खास लिमिटेड एडिशन स्टील्थ एडिशन लॉन्च किया है। ये एक शानदार और आधुनिक गाड़ी है, जिसमें लग्जरी, पावर और एक्सक्लूसिव होने की खासियत का बेजोड़ संगम मिलेगा। स्टील्थ एडिशन की बिक्री सिर्फ 2700 यूनिट्स तक ही सीमित रहेगी। ये एडिशन हैरियर और सफारी दोनों में मिलेगा। स्लीक एवं मोनोटोन फिनिश वाला ये खास एडिशन शानदार लुक और डिजाइन के साथ आता है, और ये उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो कुछ अलग और खास चाहते हैं। स्टील्थ एडिशन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है, आप इसे ऑनलाइन या किसी भी टाटा मोटर्स की डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। टाटा मोटर्स के स्टील्थ एडिशन में बिल्कुल नया स्टील्थ मैट ब्लैक फिनिश दिया गया है, जो इसे सड़क पर एक जबर्दस्त लुक देता है। ये सिर्फ दिखने में ही शानदार नहीं है, बल्कि इसे चलाने में भी एक अलग एहसास होता है। ये एडिशन अपने खास लुक और डिजाइन की वजह से सड़क पर सबसे अलग दिखता है। मैट पेंट की वजह से गाड़ी और भी अनूठी एवं स्टाइलिश लगती है, और एसयूवी के आकर्षण को बढ़ाते हैं। इसकी सतह से परावर्तन नहीं होता है, इसमें एसयूवी की बॉडी लाइंस और काउंटर्स साफ नजर आते हैं जिससे ये और भी प्रीमियम दिखती है। धूप में भी इस गाड़ी का लुक फीका नहीं पड़ता।

## टाटा म्यूचुअल फंड ने पटना में नई शाखा खोलकर बिहार में बढ़ाई अपनी उपस्थिति

**मुंबई/पटना।** टाटा एसेट मैनेजमेंट की पटना में औसत प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एएयूएम) जनवरी 2025 तक बढ़कर लगभग 958 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 46% अधिक है। इसमें इक्विटी, डेट, बैलेंस्ड फंड और ईटीएफ (नकदी सहित) में निवेश शामिल हैं। कंपनी की पटना में खोली गई नई शाखा का पता है - टाटा म्यूचुअल फंड, तीसरी मंजिल, 301 ग्रैंड प्लाजा फ्रेजर रोड, पटना-800001। इसका उद्घाटन हेमंत कुमार ने किया। यह शाखा सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुली रहेगी। पटना में खुली यह शाखा, धन प्रबंधन और दीर्घकालिक निवेश योजना पर मार्गदर्शन चाहने वाले लोगों, परिवारों और व्यवसायों को मदद करेगी। म्यूचुअल फंड उत्पादों और व्यक्तिगत वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह के साथ टाटा म्यूचुअल फंड का लक्ष्य है, निवेशकों को आत्मविश्वास के साथ बाजार चक्रों (मार्केट साइकिल) से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी और तरीकों से लैस करना। टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य वितरण और डिजिटल अधिकारी, हेमंत कुमार ने इस शाखा के खोले जाने पर अपनी टिप्पणी में कहा, रहमें इस अपार विकास क्षमता वाले शहर में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर खुशी हो रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना चरण-2 के 20 लाख लाभार्थियों को मंजूरी पत्र व 10 लाभार्थियों को प्रथम किस्त वितरण कार्यक्रम संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति/ अजीत सिंह)।** मानव जीवन की शुरूआत के समय से ही मनुष्य को अन्न, वस्त्र और आश्रय की मूलभूत आवश्यकता है। इन आवश्यकताओं का एक भाग आश्रय भी है। इसलिए पालघर जिले के ग्रामीण क्षेत्र का एक भी घटक आवास से वंचित नहीं रहेगा। उक्त बातें वन मंत्री व पालघर जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक ने जिला परिषद पालघर के जननायक बिरसा मुंडा सभागृह में शनिवार 22 फरवरी 2025 को आयोजित विकास यंत्रणा व पंचायत राज विभाग के प्रधानमंत्री आवास योजना चरण-2 के 20 लाख लाभार्थियों को मंजूरी पत्र व 10 लाख लाभार्थियों को हफ्ता वितरण कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कही।

इस कार्यक्रम के दौरान सांसद हेमंत विष्णु सावरा, जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, उपायुक्त (विकास) कोकण विभाग प्रदीप घोरपडे, जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा के प्रकल्प संचालक रूपाली सातपुते, जिला अध्यक्ष भूमि अभिलेख नरेंद्र पाटिल आदि मान्यवर व्यास पीठ पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह के हाथों प्रधानमंत्री आवास योजना चरण-2 के 20 लाख ला भारतीयों को मंजूरी पत्र वितरण तथा 10 लाख लाभार्थियों को पहले हफ्ता वितरण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बालेवाडी जिला पुणे में लाभार्थियों को प्रथम हफ्ता वितरण किया गया। इस मौके पर पालघर जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक के हाथों 10 लाख लाभार्थियों को मंजूरी पत्र व प्रथम हफ्ता वितरण कार्यक्रम के तहत पालघर जिले के सन 2024-25 वर्ष के प्रधानमंत्री आवास योजना चरण-2 के कुल 59535 लाभार्थियों को मंजूरी पत्र तथा 24890 लाभार्थियों को प्रथम किस्त वितरित किया गया।



इस मौके पर पालक मंत्री गणेश नाईक ने बोलते हुए कहा कि पालघर जिला विकास की दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। इसके लिए ग्रामीण भाग के प्रत्येक आदिवासी बंधुओं का भी विकास होना चाहिए। पालघर जिला एक आदिवासी बहुत जिला है इसलिए जब तक सभी घटकों को शिक्षा नहीं मिल पाती तब तक उनका विकास नहीं हो सकता। इसके लिए आदिवासी बंधुओं को सर्व प्रथम शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। पालक मंत्री गणेश नाईक ने आगे बोलते हुए कहा कि पालघर जिले में वाढवन बंदरगाह तैयार हो रहा है, इस बंदरगाह के कारण सीधे तौर पर आदिवासी भाइयों का स्थानांतरण रुकेगा और उनके लिए इस जगह पर बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होने वाला है। मंत्री गणेश नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना यशस्वी तरीके से लागू की जाएगी इसके लिए इस योजना से पालघर जिले का एक भी घटक आवास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम का प्रास्ताविक जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने प्रस्तुत करते हुए इस प्रधानमंत्री आवास योजना चरण -2 योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा की प्रकल्प संचालक रूपाली सातपुते ने उपस्थित जनों को आभार व्यक्त किया।

## कुर्ला एल विभाग ने शुरू किया साकीनाका के अवैध लॉजों पर बुलडोजर कार्यवाही



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अवैध निर्माणों के नाम से सुर्खियों में रहे कुर्ला एल वार्ड के अधिकारियों द्वारा विगत चार दिनों से साकीनाका असल्फा लिंक रोड पर स्थित अनधिकृत लॉजों पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मनपा की इस तोडू कार्यवाही से अवैध निर्माणकताओं में हड़कंप मच गया है। बता दें कि पिछले तीन दिनों से एल विभाग के सहायक आयुक्त धनाजी हेर्लेकर के नेतृत्व में अनधिकृत निमार्णों पर तोडू कार्यवाही शुरू है। यह कार्रवाई सहायक अभियंता सुरेश हाते कर, संजय दुधभाते, सचिन बेलदार और सभी कनिष्ठ अभियंता और कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई है।

इस संबंध में सहायक आयुक्त धनाजी हेर्लेकर ने बताया कि साकीनाका, असल्फा लिंक रोड पर अनाधिकृत निर्माण और लॉज के खिलाफ कार्रवाई अनवरत चलती रहेगी। अनधिकृत लॉजों के 70 से 80 मालिक अदालत चले गए हैं और दो दर्जन के करीब बचे हुए जो लॉज हैं। उन पर तोडू कार्यवाही की जाएगी।

## काले कानून का कड़ा विरोध करेगा एसोसिएशन: एड. एच आर शर्मा

**मीरारोड (उत्तरशक्ति)।** एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आज मीरा रोड स्थित श्री एल आर तिवारी इंजीनियरिंग कॉलेज के भव्य सभागार कक्ष में अधिवक्ता अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में एकता बनाने तथा अपने अधिकारों के लिए लड़ने हेतु एकजुटता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एड रवि जाधव (अध्यक्ष- बॉम्बे सिटी सिविल एंड सेशंस कोर्ट), एड आसिफ नकवी (सेक्रेटरी- बॉम्बे सिटी सिविल एंड सेशंस कोर्ट), एड. एम के गिरी (अध्यक्ष- बोरीवली बार एसोसिएशन), लॉ प्रोफेसर डॉ. हेमल शिरोडकर, अध्यक्ष- अंधेरी बार एसोसिएशन, वसई बार एसोसिएशन से अजय मिश्रा का स्वागत एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन मीरा-भाईंदर अध्यक्ष एड. एच. आर. शर्मा, उपाध्यक्ष एड एस. पी. श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एड. धर्मेंद्र पटेल, संयुक्त सचिव प्रोफेसर एड महेश काबरा, सदस्य एड. कनाई विश्वास, एड. अनुपमा बेरा, एड डी के जैन, एड जालान, एड वीरेंद्र चौरसिया, वी डी हटकर, एड अभिमन्यु यादव, एड. रघुनाथ कुशवाहा ने किया।



राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी ने भेजे गए संदेश द्वारा संगठन से जुड़े सभी अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं दी तथा विश्वास दिलाया कि वे न्याय की लड़ाई में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। बता दें कि 8 मार्च को मीरा भाईंदर में नए न्यायालय का शुभारंभ होने वाला है इस न्यायालय को लेकर स्थानीय वकीलों में काफी उत्सुकता है। इस न्यायालय की शुरूआत के साथ ही वकीलों के आपसी व्यवहार, शिष्टाचार तथा सरकार द्वारा लाए गए तीन काले कानून व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया।

सभा के दौरान बोलते हुए संगठन के अध्यक्ष एच.आर. शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए तीन काले कानून के खिलाफ हम कड़ा विरोध करेंगे, जरूरत पड़ी तो कोर्ट परिसर में इसके लिए धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी वकीलों को चाहिए कि हम लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें तथा अधिक से अधिक मात्रा में जनता का सहयोग करते हुए उन्हें न्याय दिलाएं। सभा के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि एड रवि जाधव ने एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा की बड़े पैमाने पर वकीलों को एकजुट करके उनका मार्गदर्शन करते हुए अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए एच.आर. शर्मा बधाई के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने कहा की इस संगठन को किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ी तो हमारी तरफ से एसोसिएशन का पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट आरजे मिश्रा, एडवोकेट राजकुमार मिश्रा, डॉ संजय मिश्रा एडवोकेट नमिता त्रिपाठी, एडवोकेट जीसी तिवारी एडवोकेट बीके सिंह, एडवोकेट अरुण दुबे समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## चेंबूर में मनाई गई शिक्षा महर्षि और कर्मयोगी स्व. हशु अडवाणी की सौवी जयंती

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चेंबूर के शिल्पकार, शिक्षा महर्षि और कर्मयोगी स्व. हशु अडवाणी की सौवी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई. विधायक तुकाराम काते और स्वामी विवेकानंद स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य अशोक वशिष्ठ ने हशु आडवाणी की तस्वीर पर पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूवात की. साथ ही काते ने नारियल तोडकर हशु अडवाणी चौक के विकासकार्य का उदघाटन किया. इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद थे. विधायक तुकाराम काते ने बताया कि क्यों हशु अडवाणी लोगों में इतने लोकप्रिय थे? नई पीढ़ी को अडवाणी से सीख लेनी चाहिए। इस दौरान विधायक तुकाराम काते ने स्वर्गीय हशु अडवाणी चौक के सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन किया.। उन्होंने बताया कि झामा चौक से लेकर सुमन नगर तक निमार्णाधीन सड़क को हशु अडवाणी मार्ग नाम देने के लिए वह मनपा को पत्र दे चुके हैं साथ ही चेंबूर नाका में बन रहे मेट्रो स्टेशन को भी हशु अडवाणी नाम दिया जाये इसके लिए वह प्रयासरत हैं. श्री हशु अडवाणी जन्म शताब्दी महोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विठ्ठल खरटमल, पूर्व नगरसेविका आशा मराठे, पूर्व नगरसेविका राजश्री पालांडे, शिवसेना नेता लक्ष्मण कोठारी, चेंबूर भाजपा के पदाधिकारी विजय राजपाल, बीजेपी यूथ विंग के मुंबई के नेता वेदांत लालवानी, सिंधी समाज नेता अजित मनियाल, चेम्बूर भाजपा सिंधी विभाग के अध्यक्ष सुरेश आमलानी और राज सदाशिव लोखंडे सहित कई मान्यवर मौजूद थे.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक वल्लभ झवेरी, कार्याध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष प्राची राजपाल, कोषाध्यक्ष सुषमा पांडे, सेक्रेटरी आशा झा और अमरनाथ कैथवास ने अपना योगदान दिया. तो वहीं समिति के मुख्य संयोजक और सूत्र संचालक शंकर कांबळे ने अतिथियों का स्वागत किया. यह जानकारी मीडिया प्रभारी आनंद श्रीवास्तव ने दी।



## वर्ल्ड मिशन सोसाइटी ने की स्वच्छता अभियान की शुरूआत

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** वर्ल्ड मिशन सोसाइटी की ओर से रविवार 23 फरवरी 2025 को पालघर जिले के बोईसर शहर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

स्वच्छता अभियान की शुरूआत संत गाडगे बाबा महाराज की जयंती के शुभ अवसर पर की गई। स्वच्छता अभियान के माध्यम से संत गाडगे बाबा महाराज को आदरांजली दी गई। इस स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के मौके पर बोईसर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी विकास नाईक, शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला अध्यक्ष कुंदन संखे, वर्ल्ड मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में स्वच्छता दूत उपस्थित रहे।



## अंतर योग फाउंडेशन द्वारा मुंबई में शताब्दी का सबसे ऐतिहासिक और सबसे बड़ा महाशिवरात्रि उत्सव आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अंतर योग फाउंडेशन, आचार्य उपेन्द्र जी के मार्गदर्शन में, 26-27 फरवरी 2025 को मुंबई में ऐतिहासिक महाशिवरात्रि उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। यह 24 घंटे का आध्यात्मिक उत्सव तीन लाख से अधिक भक्तों को एक अद्वितीय यात्रा पर एकजुट करेगा, जो स्वास्थ्य, प्रगति, समृद्धि, ज्ञान, महिलाओं के सशक्तिकरण, विभिन्न क्षेत्रों जैसे वित्त, खेल, राजनीति आदि में नेतृत्व की सृजन और मजबूत नागरिकता का विकास करेगा। महाशिवरात्रि के इस कार्यक्रम मे निःशुल्क प्रवेश के लिए लिए https://mahashiv-ratri.antaryogfoundation.in पर पंजीकरण करें, यह कार्यक्रम 26 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से 27 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे तक मुंबई एक्सिबिशन सेंटर, गोरेगांव पूर्व में आयोजित होगा, जो कि प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क है. जिसमें प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों और तीन लाख से अधिक भक्तों के भाग लेने की उम्मीद है। इस आयोजन को दुनिया भर में मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। वैज्ञानिक रूप से समर्थित आध्यात्मिक प्रथाओं जैसे दुर्लभ और उन्नत शिव साधना, शक्ति पात दीक्षा और गहरे ज्ञान सत्रों के माध्यम से, आचार्य उपेन्द्र जी पहले ही कई लोगों के जीवन को बदल चुके हैं, उनके स्वास्थ्य, संपत्ति और रिश्तों के मुद्दों को हल करके। अब उनका उद्देश्य इन परिवर्तनकारी प्रभावों को बड़े पैमाने पर फैलाना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस उत्सव का एक अनोखा पहलू है, पितरों (पूर्वजों) को दुर्लभ पितृ ऋण मुक्ति साधना के माध्यम से मुक्ति दिलाना, इस कार्यक्रम का एक और प्रमुख आकर्षण होगा 25,000 से अधिक भक्तों द्वारा शिव मंत्रों और स्तोत्रों का सामूहिक जाप, जो दिव्य ऊर्जा और आशीर्वाद का संचार करेगा। इसके साथ ही 5 करोड़ गणेश मंत्रों का सामूहिक जाप भी होगा, कार्यक्रम में 24 घंटे का यज्ञ भी शामिल होगा,



इस भव्य कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, आचार्य उपेन्द्र जी अपने प्रसिद्ध 'अथर्वशीर्ष' ग्रंथ पर अपनी टिप्पणी का विमोचन करेंगे। अंतर योग फाउंडेशन के आचार्य उपेन्द्र जी ने कहा, महाशिवरात्रि सिर्फ एक आध्यात्मिक घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र के सत्यनिष्ठ व्यक्तियों की रक्षा, सशक्तिकरण और उत्थान का एक आंदोलन है। यह उत्सव भारत के भविष्य को फिर से लिखने का अवसर है, जिससे सभी के लिए स्वास्थ्य, समृद्धि और आध्यात्मिक वृद्धि सुनिश्चित हो सके। इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनते हुए, अंतर योग फाउंडेशन विशेष ऊर्जा से सुसज्जित औषधियों का शुभारंभ करेगा, एक शानदार शास्त्रीय शिव तांडव प्रदर्शन और एक भक्ति संगीत संगीति का आनंद भी मिलेगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार हिस्सा लेंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान, तीन लाख से अधिक उपस्थितों को आन्नदान और प्रसाद वितरण के माध्यमु से आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ भोजन प्रदान किया जाएगा, अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए, कृपया 77109 48461 पर कॉल करें।

## ओजोन हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का पालक मंत्री गणेश नाईक के हाथों किया गया शुभारंभ



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर शहर व जिले की जनता के लिए कम दर में अत्याधुनिक वैद्यकीय सुविधा के साथ ही साथ दुर्घटना एवं आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार मिलने हेतु डॉक्टर अतुल पारस्कर और उनकी टीम द्वारा तैयार किये गये पालघर (प.) के पार्श्वनाथ 9 बिटकॉइन कॉर्नर, पुराना जिला अधिकारी कार्यालय, चिंतूपाड़ा रोड, ड्यूरियन कंपनी के पास में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल का शुभारंभ राज्य के वन मंत्री व पालघर जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक के हाथों गुरुवार 20 फरवरी 2025 को किया गया। बतादें कि इस 50 बेड वाले अस्पताल में 15 बेड आईसीयू सुविधाओं से सुसज्जित क्रिटिकल व आपातकालीन केयर, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑपरेशन थियेटर, स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्पाइनल, न्यूरो सर्जन, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ईएनटी, त्वचा रोग, डायलिसिस, कैंसर, रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथीरेपी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासोनोग्राफी, लैब फैसिलिटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध रहने वाली हैं। हॉस्पिटल के उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर हेमंत विष्णु सावरा, विधायक राजेंद्र गावित, जिलाधिकारी गोविंद बोडके, पालघर जिला शिवसेना शिंदे गुट के उपनेते जगदीश धोड़ी, जिला प्रमुख कुंदन संखे, शिवशक्ति सामाजिक संगठना प्रमुख संजय ज. पाटील, नमो नमो मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रारंभ प्रतिष्ठान प्रमुख सत्य प्रकाश सिंह, भाजपा बोईसर मंडल अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोने, पालघर शहर अध्यक्ष अशोक अंबुरे, पालघर शहर की पूर्व नगराध्यक्षा उज्जवला काले, पूर्व नगर अध्यक्ष व नगरसेवक उत्तम घरत, पूर्व नगर सेवक अमोल पाटील व मनोहर संखे, माहिम ग्राम पंचायत की सरपंच प्रीती पाटील, सारावली ग्राम पंचायत सरपंच आनंद धोडी, डॉ. राजेंद्र चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी मान्यवरों का स्वागत हॉस्पिटल की ओर से डॉ. अतुल पारस्कर, डॉ. गणेश शिरोडकर, डॉ. अमित यादव, डॉ. राज हंबर्डे, डॉ. श्याम पारसकर व अरुण जैन की उपस्थित में स्नेहा, मेघा, तन्वी पारसकर व तेजस्विनी हंबर्डे द्वारा किया गया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# गरीबों, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति एवं मध्यम वर्गीय के लिए शानदार बजट: गोविंद नारायण शुक्ला

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर एक संगोष्ठी कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह मे जिलाध्यक्ष मछली शहर रामविलास पाल के अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला रहे। इसके पहले जौनपुर स्थित एक होटल मे बजट पर मुख्य अतिथि ने प्रेस वार्ता की जिसमे आये हुये पत्रकारों को सम्बोधित किया। उन्होंने आये हुये जनपद के व्यवसाइयो एव आम जन मानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक मे पहुंचाने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया एक दूरदर्शी बजट है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप




से मजबूत बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये सीमा द्विवेदी ने कहा कि बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। इस सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने में सक्षम हुई है। बजट पर आयोजित संगोष्ठी मे आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। वित्त मंत्री सीतारमण जी ने बजट मे कई अच्छे बिंदुओं को उठाया है, जिससे मध्यम वर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। गरीबों, मध्यम वर्गीय के लिए शानदार बजट पेश किया है।

# शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, समाज बदलने का हथियार भी: सुरेंद्र सिंह

## सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल फुलेश में वार्षिकोत्सव सेनर्जी का आयोजन

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के आमगांव, फुलेश के सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल में रविवार की सुबह वार्षिकोत्सव सेनर्जी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र छात्राओं ने लोगों का मनमोहा, भारी संख्या में अभिभावक व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ आजमगढ़ सुरेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती है, बल्कि यह एक व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास का माध्यम है। यह हमें सही और गलत में अंतर करना सीखाती है, हमें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाती है, और व्यक्तित्व को निखारती है। आज के दौर में शिक्षा सिर्फ डिग्री और रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि समाज में परिवर्तन लाने का हथियार भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल के संरक्षक डॉ. जे.पी. सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा को केवल परीक्षा पास करने का जरिया न समझें, बल्कि इसे ज्ञान प्राप्ति और जीवन को आगे बढ़ने का साधन बनाएं। शिक्षकगण भी इस पवित्र कार्य में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते है।जिनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत




माला पहनाकर व बैज लागकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही कॉलेज की छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गीत व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा भरतनाट्यम, शिव तांडव, कथक, बच्चों का डांस, कठपुतली, डोला रे डोला पंजाबी सॉन्ग, डांडिया डांस आदि का शानदार प्रस्तुति छात्राओं द्वारा किया गया तो तालियों की गड़गड़ाहट गूँजती रही और लोगों का मनमोह लिया खूब वह वही लूटी। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक दुर्गेश सिंह ने कार्यक्रम में विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विद्यालय के नर्सरी से कई छात्र पासआउट होकर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे है।हमें अपने छात्रों पर गर्व है कि वह जीवन में कुछ बने या न बने लेकिन एक अच्छा नागरिक जरूर बने और राष्ट्र प्रेमी बने। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र शौर्य सिंह व छात्रा तौसी बरनवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव ने आगन्तुको के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उमाशंकर सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जितेन्द्र राय मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ आजमगढ़, राजेंद्र यादव कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक आजमगढ़, वसीम अहमद चेयरमैन सरायमीर, नेहा सिंह, सीखा यादव, एडवोकेट कुसुम सिंह, भीम यादव, संदीप बिन्द, विकास यादव, सुशील यादव आदि समेत विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टॉप उपस्थित रहे।

# आदेश हुए बीत गए 11 माह, न वसूला गया जुर्माना और न ही हटवाए गए अतिक्रमण

मछलीशहर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। हाईकोर्ट के निर्देश पर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटवाने और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जुमार्ना और अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। मामले में आदेश के 11 माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इधर, न्याय की आस में पीड़ित तहसील का चक्कर लगा रहा है। आरोप है कि इससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ गया है और वह अब शिकायतकर्ता की ही जमीन पर कब्जा करने लगे हैं। साथ ही विरोध करने पर धमकी दे रहे हैं। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के छाछो गांव निवासी दयाशंकर शुक्ला के प्रार्थना पत्र पर हाईकोर्ट के निर्देश पर 28 मार्च 2024 को तत्कालीन तहसीलदार और सहायक कलेक्टर प्रथम अजीत कुमार ने आदेश दिया था, जिसके मुताबिक गांव निवासी कुछ व्यक्तियों के खिलाफ बेदखली और जुमार्ना वसूली करने का आदेश संबंधित राजस्व निरीक्षक हुआ था। आरोप है कि इन लोगों द्वारा मुख्य मार्ग पर पक्का मकान व बाउण्ड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया गया है, लेकिन आज तक यह भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाई है और न ही जुमार्ना की वसूली हुई। जबकि शिकायतकर्ता कई बार तहसील में इसकी शिकायत दर्ज करा चुका है। आवागमन जहां बाधित हो रहा वहीं, अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ रहता जा रहा है। अतिक्रमणकारी 22 फरवरी की रात इसी मुख्य मार्ग से सटी शिकायतकर्ता की भूमि पर पर अवैध कब्जा करने नियत से निर्माण करने लगे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने तहसील में की है।अब देखना है कि कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी कितना उसपर अमल हो पा रहा है।

# अंतर्जनपदीय गौ-तस्कर देशी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय पुलिस टीम ने रविवार को एक अंतर्जनपदीय शातिर गौ-तस्कर को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि रविवार को करीब 10:55 बजे खास मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि क्षेत्र के मैनुद्दीनपुर के समीप एक शातिर किस्म का गौ-तस्कर मौजूद है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव व कांस्टेबल शुभम त्यागी के साथ मौके पर पहुँचकर मुखबीर के निशानदेही पर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद अलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय बताया। जिसकी तलाशी के दौरान 315 बोर देशी कट्टा व एक अदद कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध खेतासराय, खुटहन व अयोध्या के बीकानेर थाने में गम्भीर धाराओं में अभियुक्त पंजीकृत है।




# हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर जायरीनों ने चादरपोशी कर मांगी मन्नत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुंगराबादशाहपुर मुहल्ला सिपाह स्थित हजरत सैय्यद मंसूर बाबा का सलाना उर्स का जलसा शनिवार को देर रात बड़े ही अकीदत और शानों शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान जायरीनों ने हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर चादरपोशी कर मन्नतें भी मांगी। साहबगंज मुहल्ला स्थित फूलशाह बाबा सिनेमा गली से डीजे सहित गाजे-बाजे के साथ एक जुलूस निकाला गया, जिसमें बाबा के कद्रदान सिर पर गागर लेकर चल रहे थे।जो अपने कदीमी रास्ते से होकर बाबा के मजार पर पहुंचा।जहां पर जायरीनों ने बाबा के मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें भी मांगी। जुलूस के शक्ल में शामिल लोग बाबा के शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे।जो अपने कदीमी रास्ते से होकर सिपाह स्थित सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर पहुंच कर जायरीनों द्वारा चादर चढ़ाया गया। बाबा को इत्र से नहला कर गुलपोशी किया गया। अध्यक्ष सुएब अंसारी व खादिम खालिद अंसारी ने अमन चैन के लिए



दुआ की। अजमेर राजस्थान व वाराणसी से चलकर आए नामचीन कव्वाल मंडली के द्वारा पेश किए गए नातिया कलाम ने जलसे में समां बांधा। फैजान फतेह अली अजमेर द्वारा नसीबों को जगाया है अली ने, हमें अपना बनाया है अली ने आज मारो घर धूम मची है मंसूर बाबा की शादी रची है पर लोगों ने कलाकारों का हौसला अफजाई भी किया। मोबीन साबरी वाराणसी द्वारा रनहीं लौटा कोई खाली घराना हो तो ऐसा हो, जो महशर में भी काम आए सहारा हो तो ऐसा हो सुन कद्रदानों ने हौसला अफजाई किया। हक की रजा में अपना सब कुछ लुटा दिया,शब्बीर तेरे कर्बला के सफर को सलाम.. कर्बला मंजर पर सलाम कव्वाली पर पूरी महफिल गम में डूब गई। कव्वाल मंडली द्वारा बाबा के शान में पेश कव्वाली का देर रात तक लोगों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर खादिम खालिद अंसारी, अध्यक्ष सुएब मंसूरी, शिवम गुप्ता, बबलू, विक्की गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, नवरत्न, आफाक खान, मो. शादाब, आलोक, खलीक अंसारी, फारुख, मो.खलिक अंसारी व अनवर मंसूरी आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आगाज

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर फरीदुल हक मेमोरियल पी




जी कॉलेज तालिमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में हो रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुहम्मद शाहिद नईम प्रधानाचार्य सर सैयद अहमद इंटर कॉलेज सबरहद शाहगंज रहे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ तबरेज आलम ने की। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना का बैच एवं डायरी प्रदान की गयी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व कार्यक्रम अधिकारी सूर्य प्रकाश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ कर आप अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अगर सामुदायिक भावना का विकास करना है तो राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना आवश्यक है। जिससे हम सभी में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा होता है प्राचार्य डा0 तबरेज आलम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निष्ठा की भावना पैदा करता है जिससे हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनामिका पांडेय, डॉ.शिव प्रसाद यादव, ओम प्रकाश चौरसिया, गीता देवी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमित दया गुप्ता ने किया।

# माईसेम ने अपने तीन सौ रिटेलर्स को किया सम्मानित

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। माईसेम सीमेंट कम्पनी ने रविवार को उसरहटा में अपने रिटेलरों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें



आजमगढ़ और जौनपुर जनपद में तीन सौ रिटेलरों को सम्मान हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि रीजनल मैंनेजर सौरभ निगम शामिल हुए। उन्होंने कम्पनी के स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यहाँ बीस रिटेलर्स को उत्कृष्ट सेवा के लिये अलग से सम्मनित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एरिया इंचार्ज राहुल अग्रवाल, सीएसआई सौरभ शर्मा, संजय नर्सरिया, संतोष चौबे, आशीष सिंह, राहुल सिंह, मोहम्मद इजहार समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# रामपुर नगर पंचायत चेयरमैन ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर सभी को हरा और नीला डस्टविन किया वितरित

रामपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत रामपुर के चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल पूरी तरह से अपने नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय दिखे अपने नगर में लोगों से सभी दुकानदारो और सभी अपने नगर वासियों से अपील किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के बारे में लोगों से बताया स्वच्छता मिशन के बारे में भी बताया और कहा कि सुख कूड़ा और गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टविन में डालें जिससे हमारा नगर साफ व स्वच्छ दिखे साथ में पूरे नगर में हरा और नीला डस्टविन का वितरण भी करवा दिए चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल ने अपने सभी दुकानदार भाइयों और नगर वासियों से कहा कि यह नगर हम लोगों का है और जिससे हम आप लोग अपने नगर को साफ और सुंदर बनाकर रखिए जिससे आने जाने वाले लोग देखें कि यह नगर बहुत साफ और सुंदर है वरिष्ठ लिपिक मनीष कुमार मिश्रा ने उपस्थित रहे और लोगों से बताया कि आप लोग स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के बारे में आप लोगों को बताया गया है और सभी लोग जो है सुखा कूड़ा और गीला कूड़ा अलग-अलग जो डेस्टविन हरा नीला में डालें जो आप लोगों को दिया जा रहा है।साथ में वार्ड के सभासद गण उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में ड्रेस, कॉपी, किताब एवं अन्य पाठ्य सामग्री की बिक्री के सवाल से झल्लाये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## न्यू कैम्ब्रिज स्कूल के इनॉग्रेशन में पहुँचे थे बीएसए

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के एक नए विद्यालय में उस समय हलचल मच गयी।जब पत्रकारों के सवालों से बीएसए साहब झल्ला गए और उनकी झल्लाहट से नए विद्यालय के डायरेक्टर भी सकते में आ गये। रविवार को नगर के अयोध्या मार्ग स्थित खुले नए स्कूल न्यू कैम्ब्रिज स्कूल के इनॉग्रेशन कार्यक्रम में पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल से जब पत्रकारों ने पूछा कि जिले एवं नगर के कई विद्यालयों में खुलेआम विद्यालय परिसर में ही स्कूल ड्रेस, कॉपी, किताब, जूता, मोजा, टाई, बेल्ट आदि सामग्री बेची जाती है। इतना सवाल सुनते ही साहब गुस्से से नाराज होते हुए वहां से चलते बने और सवाल का कोई जवाब भी नहीं दिया। साहब को गुस्सा इतना था कि विद्यालय प्रबंधन की तरफ से किये गए नाश्ते के इंतजाम में नाश्ते का टेस्ट भी नहीं लिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



बताते चले की उक्त विद्यालय के इनॉग्रेशन कार्यक्रम में नगर के जानी मानी हस्तियां भी पहुंची थी। लोकबाग यह भी चर्चा कर रहे हैं की उक्त स्कूल में पहले साउथ इंडियन स्कूल नाम से एक स्कूल चल रहा था।जो किन्ही कारणों से अन्यत्र कहीं शिफ्ट हो गया।अब सवाल उठता है की किराए के बिल्डिंग में इतनी जल्दी कैसे मान्यता मिल गयी। और एडमिशन भी चालू हो गया।और उद्घाटन समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, उपजिलाधिकारी,राजेश कुमार चौरसिया, डीएसपी अजीत कुमार चौहान,नगर पालिका परिषद की चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी, पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल सहित कई जानी मानी हस्तियां और व्यापारी नेता भी पहुंचे थे। मान्यता के सम्बंध में जब स्कूल डायरेक्टर से सम्पर्क किया गया तो वह भी फोन काट दिए। यही हाल खण्ड शिक्षा अधिकारी का रहा वह भी कोई जवाब दिए फोन काट दिए।

# निःशुल्क पाठशाला में लगे स्वास्थ्य शिविर का चालीस बच्चों सहित अन्य लोगों ने उठाया लाभ

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुंगराबादशाहपुर नगर के मोहल्ला गुड़हाई नागा बाबा कुटी (राजीव दाल मील) स्थित निःशुल्क पाठशाला में रविवार सुबह प्रभावती हॉस्पिटल मुंगराबादशाहपुर के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का कुल 60 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में डॉ रमेश पाल ने बच्चों से बातचीत कर उनसे उनकी समस्याओं को सुना और उचित परामर्श देते हुए दवाइयां भी प्रदान किया। इसी के साथ मोहल्ले के लोगों, पाठशाला परिवार के साथ बच्चों के माता पिता भी चिकित्सा शिविर में शामिल हुए। चिकित्सकों ने मरीजों की शुगर, थायराइड, बीपी आदि की जांच की गई। अस्पताल की ओर से मरीज को निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। शिविर में आये कई डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई। लोगों की बीमारियों को लेकर परामर्श भी दिया गया। प्रभावती हॉस्पिटल के चेयरपर्सन डॉ विकास पाल जनरल फिजिशियन ने बताया कि हमारा निरंतर यही प्रयास रहेगा कि कोई भी इलाज से वंचित न रह जाए। इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों को क्षेत्र के कोने-कोने तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य रहेगा। निःशुल्क पाठशाला संस्थापक/संचालक पत्रकार सूरज विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से कहीं न कहीं जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। सभी को स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना जरूरी है और बच्चे स्वास्थ रहेंगे तो खुश रहेंगे और मन लगाकर पढ़ सकते हैं। अंत में पाठशाला परिवार ने आगंतुकों सहित अस्पताल की टीम का हृदय से आभार जताया और कहा यह सब कुछ आप सभी के प्यार स्नेह और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं है। चिकित्सा शिविर का कुल 60 लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ रमेश पाल, रोहित पाल शिक्षिका प्रीति गुप्ता, वर्षा मोदनवाल, रेखा, पिंकी गुप्ता, व्यापारी नेता राजीव कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बयालसी पीजी कॉलेज जलालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन

जलालपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बयालसी पीजी कॉलेज जौनपुर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। आज के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत मेंबर पवन कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार ग्राम प्रधान महिमापुर, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार गुप्ता,



डॉक्टर राकेश कुमार, डॉक्टर मिथिलेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जगत नारायण सिंह, सोमरू राम आदि की उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सभी लोगों के अंदर सेवा का भाव जागृत होता है। शिविर के माध्यम से अनुशासन सहयोग आदि का भाव जागृत होता है। हम एक साथ रहकर एकजुट होकर कार्य करना सिखते हैं। महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण पर भी उन्होंने अपना विचार व्यक्त किया डॉक्टर राकेश कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार, डॉ राकेश कुमार ने भी अपना संबोधन दिया। डॉक्टर जगत नारायण सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथि जनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं उद्देश्यों के विषय पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सोमारू राम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

# निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' का हुआ आयोजन

- संत निरंकारी मिशन द्वारा रामघाट पर की गई सफाई
- जल परमात्मा का वरदान है, हमें इस अमृत की संभाल करनी है

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु आज 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन, परियोजना के तृतीय चरण को साकार रूप देने के लिए गोमती नदी के तट 'रामघाट'पर सफाई कार्य का शुभारंभ इंद्र नंदन सिंह (नगर मजिस्ट्रेट) द्वारा किया गया ?। प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक सैकड़ो की संख्या में संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा महात्मा श्यामलाल साहू (संयोजक) व अमरनाथ विश्वकर्मा (क्षेत्रीय संचालक), के नेतृत्व में सफाई का कार्य किया गया। इसके अलावा प्रोजेक्ट अमृत परियोजना के तहत जौनपुर जोन के 43 शाखाओं में अलग-अलग जगह नदी,घाट, तालाबों पर सभी शाखाओं के मुखी महात्मा, संचालक, शिक्षक, सहित सेवा दल के भाई-बहन व संगत के महात्मा इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किये। शाहगंज क्षेत्र का नेतृत्व क्षेत्रीय संचालक राजेश प्रजापति ने किया। बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना देश भर में 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में



1600 से भी अधिक स्थानों पर 10 लाख से भी अधिक स्वयंसेवकों के सहयोग से एक साथ विशाल रूप में आयोजित की गई। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन संदेशों को बताते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है। जल हमारे जीवन का मूल आधार है। परमात्मा ने हमें यह जो स्वच्छ है एवं सुंदर सृष्टि दी है इसकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है।मानव रूप में हमने ही इस अमूल्य धरोहर का दुरुपयोग करते हुए इसे प्रदूषित किया है। हमें प्राकृतिक को उसके मूल स्वरूप में रखते हुए उसकी स्वच्छता करनी होगी। हमें अपने कर्मों से सभी को प्रेरित करना है न कि केवल शब्दों से। कण-कण में व्याप्त परमात्मा से जब हमारा नाता जुड़ता है और जब हम इसका आधार लेते हैं तब हम इसकी रचना के हर स्वरूप से प्रेम करने लगते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जब हम इस संसार से जाएं तो इस धरा को और अधिक सुंदर रूप में छोड़कर जाएं। कार्यक्रम के समापन पर सम्मिलित हुए अतिथि गणों ने मिशन की भूरि भूरि प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सद्गुरु माता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संरक्षण एवं जल स्वच्छता की इस कल्याणकारी परियोजना के माध्यम से निश्चित ही प्रकृति संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## सेंटर पर पहुंच कर डी एम ने लिया यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का जायजा



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाई स्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा जलालपुर ब्लॉक स्थित रामरूप सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा की तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सीसीटीवी सक्रिय पाया गया तथा सभी कक्षाओं में रोल नंबर स्लिप चस्पा होना भी पाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान ड्यूटी पास सभी के पास होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन तथा शुचितापूर्ण ढंग से संपादित कराने का दायित्व जिन्हें भी सौंपा गया है वे सभी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के, नकलविहीन, शुचितापूर्ण संचालन हेतु उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक 2024 के अंतर्गत दायित्व में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए पुलिस प्रशासन की व्यवस्था अभूतपूर्व



### चार माह की वामिका नामक बालिका ने भी कुंभ स्नान किया

**प्रयागराज(उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ में स्नान के लिए जहां भारी भीड़ उमड़ रही है वहीं प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं को संगम में स्नान को लेकर अच्छी व्यवस्था देखी जा रही है। वाराणसी से सपरिवार स्नान के लिए आए जयशंकर सिंह नामक श्रद्धालु से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपने साधन से झूंसी तक आया तो यहां से प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित मूल्य पर इलेक्ट्रिक कार से झूंसी से संगम घाट तक पहुंच कर स्नान किया। जिसमें प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। परिवार के लोगों ने भी बताया कि यहां पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। जिससे स्नान बहुत ही अच्छे से हो गया। इसी प्रकार महाकुंभ में आए सभी श्रद्धालुओं को स्नान कराने व भीड़ नियंत्रित करने आदि का पुलिस की अभूतपूर्व व्यवस्था देखी जा रही है। परिवार के साथ स्नान के लिए आयी चार माह की वामिका सिंह नामक बालिका चर्चा का विषय रही। महाकुंभ में स्नान के लिए आने पर उसे कोई परेशानी नहीं हुई। परिवार के सदस्यों जिनमें रितेश कुमार, जयशंकर सिंह, रुचि किरण, सीमा राजन, जानती देवी, श्रीनिका सिंह, वामिका सिंह व शिवेंद्र सिंह आदि ने यहां की अभूतपूर्व व्यवस्था देख प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की भूरी - भूरी प्रशंसा की।

## सामूहिक प्रयास से मिलती है सफलता : डॉ.तिलक सिंह यादव



**बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** सल्तनत बहादुर पी.जी. कॉलेज बदलापुर जौनपुर में रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में पुल निर्माण,टेंट निर्माण जैसी गतिविधियां सिखाईं गईं। मुख्य अतिथि डॉ. तिलक सिंह यादव ने शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अंतर बताते हुए कहा कि एक हमें सिद्धांत से परिचित कराता है और दूसरा उसे व्यवहार से जोड़ता है। इस प्रशिक्षण में टीम वर्क दिख रहा है और सामूहिक प्रयास से ही सफलता मिलती है। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ.कर्मचन्द यादव (रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी) ने शिविर में अतिथिगण का स्वागत किया और शिविरार्थियों को प्रेरित किया कि प्रशिक्षण में मिली सीख को जीवन में उतारें। विशिष्ट अतिथि मनोज जायसवाल (अध्यापक), शिवशंकर (प्रशिक्षक) ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सुनील, सोनम गुप्ता,लेखाकार ऋतुपर्ण सिंह, शैलेश विश्वकर्मा, दिलीप गुप्ता,दिनेश रावत,सूरज मौर्या,सचिन,आशुतोष,रितेश गौतम,श्रेया सिंह,रिंकी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## डिग्री कालेज के प्राचार्य को बिजली विभाग का झटका, थमाया 7 अरब 99 करोड़ रुपये का बिल

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** जिले के एक डिग्री कालेज के प्राचार्य को बिजली विभाग ने 7 अरब 99 करोड़ 99 लाख रुपये का बिल थमा दिया। 6 महीने से प्राचार्य बिल में सुधार कराने के लिए दौड़ रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अधिकारियों से कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की. इसके बावजूद विभाग ने बिल में संशोधन नहीं किया। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के श्रीनगर सियरहा गांव निवासी डॉ. बिजेंद्र राय तरवां क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में प्राचार्य हैं। उन्होंने ब्रह्मस्थान स्थित आराजीबाग मोहल्ले में अपनी मां साधना राय के नाम से जमीन खरीदी थी। इस पर उन्होंने एक साल पहले मकान भी बनवा लिया है। उन्होंने बताया कि मां के नाम से उन्होंने निर्माण के दौरान ही अस्थायी कनेक्शन लिया था। उस दौरान तक बिजली बिल ठीक आ रहा था. बाद में विभाग ने उन्हें स्थायी कनेक्शन दे दिया। इसके बाद 7 अरब 99 करोड़ 99 लाख रुपये का बिजली का बिल थमा दिया। प्राचार्य ने बताया कि 6 महीने से वह बिजली बिल को सही कराने के लिए दौड़ रहे हैं। अफसरों को शिकायती पत्र भी दे चुके हैं। इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। डॉ. बिजेंद्र राय ने बताया कि वह पहले की तरह हर महीने 700 से 800 रुपये का बिजली बिल जमा करते चले आ रहे हैं। विभाग ने उन्हें आश्वासन दिया था कि बिजली बिल सही हो जाएगा। लेकिन हर महीने भारी-भरकम बिल जुड़कर आ रहा है। यह विभाग की बड़ी लापरवाही है। प्राचार्य ने बताया कि उनके खानदान के लोग अपनी पूरी संपत्ति बेच दे तो भी इतने बिल का भुगतान नहीं हो सकता है। कई महीने से परिवार के लोग भी टेंशन में हैं। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता नरेश कुमार ने बताया कि मीडिया के जरिए मामले की जानकारी हुई है। बिल की कापी मंगवाई गई है। बिल में सुधार के लिए सोमवार को प्राचार्च को बुलाया है। जांच के बाद इसे सही करा दिया जाएगा।

## बीएचयू में वेटरनरी साइंस के 15 कोर्स में दाखिले शुरू, 9 मार्च तक है अंतिम तिथि 45 सीटों पर महीने भर चलेगा प्रवेश



**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** जनपद के बीएचयू के बरकछा में राजीव गांधी साउथ कैंपस में वेटरनरी साइंस के 15 पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। मास्टर ऑफ वेटरनरी साइंस (एमवी.एससी) में प्रवेश के लिए 9 मार्च तक फॉर्म भरने की डेडलाइन दी गई है। अगले एक महीने में 45 सीटों पर प्रवेश पूरा हो जाएगा। 10 से 19 मार्च तक काउंसिलिंग और 21 मार्च को रिजल्ट जारी होगा। 22 से 23 मार्च तक मॉपअप राउंड और 27 मार्च को विभाग में नव प्रवेशार्थियों की रिपोर्टिंग होनी है। 12 कोर्स में एनिमल जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग, एनिमल न्यूट्रिशन, लाइव स्टॉक प्रोडक्शन मैनेजमेंट, लाइव स्टॉक प्रोडक्ट्स टेक्नोलॉजी, वेटनरी एनाटॉमी, वेटरनरी पैथोलॉजी, वेटनरी पब्लिक हेल्थ, वेटरनरी पैरीसेटोलॉजी, वेटनरी फॉमेकोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी, वेटनरी मेडिसीन, वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी, वेटरनरी गायनकोलॉजी और वेटनरी एक्सटेंशन कोर्स शामिल हैं। ओजीपीए 10 में से 6 प्वाइंट हो रेगुलर कोर्स के तहत एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों की प्रति सेमेस्टर में फीस 25 हजार होगी। वहीं पेड सीट की फीस 75 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर तय की गई है। योग्यता में यूजी में 55 प्रतिशत अंक हो। वहीं ओवरऑल ग्रेड प्वाइंट एवरेज (ओजीपीए) जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 में से 6 हो। वहीं एससी और एसटी के लिए 5.50 तय किया गया है। आवेदन करने का लिंक और डिटेल जानकारी बीएचयू की वेबसाइट पर अपलोड भी कर दी गई है। आईआईटी बीएचयू से होगी 20 नए युवा वैज्ञानिकों की भर्ती आईआईटी बीएचयू में अगले दो महीने में 20 से ज्यादा युवा वैज्ञानिकों की भर्तियां होंगी। ये युवा वैज्ञानिक स्मार्ट रिवर लैब, वरुणा नदी पुनरुद्धार, आईसीएमआर, डीआरडीओ और लॉन्ग रेंज कम्युनिकेशन के क्षेत्र में काम करेंगे। अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की अंतिम तिथि भी तय कर दी गई है। साइंस स्ट्रीम वाले छात्र-छात्राओं के लिए आईआईटी बीएचयू के हाईटेक लैब और वैज्ञानिकों के साथ में काम करने का ये बेहतर मौका है। बीटेक, एमटेक, बीएससी, एमएससी और पीएचडी योग्यता तय की गई है। वेतन 80 हजार रुपये तक होगा। सबसे ज्यादा 11 भर्तियां सिविल इंजीनियरिंग विभाग में क्लीन रिवर्स के लिए स्मार्ट लैब में होंगी। यहां जल संसाधन प्रबंधन को लेकर ग्राउंड डाटा जुटाने के साथ रिसर्च किया जाएगा। 80 हजार के वेतन पर एक सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, 70 हजार पर चार यंग प्रोफेशनल, 67 हजार पर रिसर्च एसोसिएट, 37 हजार में दो जूनियर रिसर्च फेलो और 20-20 हजार रुपये पर प्रोजेक्ट असिस्टेंट की भर्तियां होंगी। आवेदन की अंतिम तिथि पांच मार्च तय की गई है। हाई पावर माइक्रोवेव पर काम करेंगे तीन रिसर्चर : इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डीआरडीओ के लिए सीनियर रिसर्च फेलो के तीन और प्रोजेक्ट एसोसिएट पोस्ट पर भर्तियां होंगी। इसमें हाई पॉवर माइक्रोवेव पर काम करने वाले शोधार्थियों की भर्ती होगी।

## डॉ गया प्रसाद कटियार की पुण्य तिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित,क्रांतिकारी की याद में बही काव्य रसधारा



**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** अभिनव क्रांति समिति एवं छत्रपति साँस्कृतिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ गया प्रसाद कटियार को भव्य काव्य गोष्ठी में याद किया गया।

गोष्ठी का आयोजन सरदार पटेल पब्लिक स्कूल बर्रा कानपुर के सभागार चौधरी राम समुझ मेमोरियल हॉल में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार ने कहा कि डॉ गया प्रसाद वास्तव में क्रांति सृष्टा थे, देश की आजादी के लिए दर्जनों नामचीन क्रांतिकारी हस्तियों ने उनके सानिध्य में रह कर आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। देश के लिए उनका त्याग, समर्पण और बलिदान हम सब के लिए प्रेरणा दायक है।

काव्य गोष्ठी का उद्घाटन चौधरी शैलेन्द्र पटेल ने किया। इस मौके पर डॉ गया प्रसाद कटियार के पुत्र इंजीनियर क्रांति कुमार कटियार उपस्थित थे।

इसके बाद शुरू हुई काव्य गोष्ठी में डॉ गया प्रसाद कटियार के जीवन और कार्यों पर आधारित कविताओं की रसधारा बही, जिसमें प्रदेश भर से आए कवियों में सत्येंद्र पटेल प्रखर, पंकज दीक्षित तरुण, भगवान स्वरूप कटियार, सुरेश गुप्त राजहंस, डॉ मान सिंह पटेल, आदित्य कटियार अजीब, बृज उमराव, राज कुमार सचान, अनिल वर्मा, अनुज तिवारी, सन्नी पटेल अभिषेक, सुरेश सचान, आदर्श सिंह राठौर, विनोद सचान, संदीप उत्तम, राम किशोर वर्मा, अनूप कटियार आदि ने अपनी सारगर्भित कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया वहीं महिला कवियित्री सुश्री सलोनी पटेल, साधना सचान, प्रतिमा उमराव एवं सुमनलता सचान ने अपनी रचनाओं से अमिट छाप छोड़ी। इस मौके पर उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए डॉ अनिल कुमार कटियार सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक डॉ अनूप कटियार प्रिय ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जय नारायण कटियार, डॉ अनिल कुमार कटियार, कैलाश उमराव, प्रदीप कुमार कटियार, पवन कुमार वर्मा, धीरू पटेल, डॉ अजीत सचान, जितेन्द्र सचान, शशि कांत सचान, राजेन्द्र सिंह विद्यार्थी, पावेन्द्र पटेल, डॉ यशवंत कटियार, क्षेदा लाल शास्त्री, कुलदीप गंगवार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की विशेष भूमिका रही।

## इंसानियत के लिए दर्स देने का काम करेगी हुसैन की कुबार्नी : मौलाना अजादार हुसैन



### कदम रसूल छोटी लाइन इमामबाड़े से निकला कदीम जुलूस,हुई मजलिसे

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जमीने मुबारक कदम रसूल छोटी लाइन इमाम बारगाह भंडारी स्टेशन के समीप रविवार को हिंदू, मुस्लिम एकता के प्रतीक शिया पंजतनी कमेटी के तत्वावधान में 27वां ऑल इण्डिया मजलिसे अजा व जुलूस सम्पन्न हुआ। इस अजीमुश्शान मजलिस में मुजफ्फरनगर से आये मौलाना सैय्यद अजादार हुसैन ने कहा कि ईमाम हुसैन अ.स. की कर्बला के मैदान में दी गयी कुबार्नी रहती दुनिया तक न सिर्फ याद की जाती रहेगी बल्कि इंसानियत के लिए दर्स देने का काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया में कुर्बानिया तो बहुत दी गयी लेकिन ऐसी कुबार्नी किसी भी धर्म के इतिहास में नहीं मिलती। मौलाना हाफिज सैय्यद जैगम अल गरवी, व मौलाना हाशिर जैदी लखनऊ ने कहा कि कर्बला के मैदान में बुजुर्ग से लेकर जवान और बच्चे तक के साथ इस हद तक बर्बता की गयी कि किसी भी सदी में जब यह दास्तां बयां की जायेगी तो जिस इंसान के सीने में दिल होगा उसकी आंखे जरुर छलक उठेंगी। मौलाना बाकर मेंहदी अम्बेडकरनगर ने कहा कि इमाम हुसैन अ.स. के चाहने वालों को चाहिए कि उनके संदेश से ऐसी जागरुकता पैदा करें कि इंसान के दिलों की आंखे रोशन हो जाय। मजलिस का आगाज तिलावते कलाम-ए-पाक से मौलाना शेख हसन जाफर ने किया। सोजख्वानी सैय्यद गौहर अली जैदी व हमनवां ने किया। पेशखानी मुंतजिर, जौनपुरी, डॉ शोहरत,हसन फतेहपुरी, वसी जौनपुरी, आबाद, खुमैनी आफाकी ,जमीर व मेहंदी जौंनपुरी अब्बास शिराजी बनारसी ने अपने कलाम पेश कर कर्बला के शहीदों को नजराने अकीदत पेश किया। अलविदाई मजलिस मौलाना सैय्यद अजादार हुसैन ने पढ़ते हुए बताया कि इतिहास गवाह है कि हजरत मोहम्मद साहब व उनके नवासों ने अपना लहू देना गवारा समझा और इसके लिए सर कटाने से भी पीछे नहीं हटें। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत, अलम मुबारक व जुलजनाह निकाला गया। जिसमें अंजुमन शमशीरे हैदरी के शहजादे ने नौहाख्वानी व मातम करती रही, या हुसैन की सदा के साथ,जुलूस अपने कदीम रास्ते से होता हुआ इमामबारगाह कदम रसूल में जाकर खतम हुआ।इस मौके पर दिनेश टंडन,सोमेश्वर केसरवानी, सुभाष चौधरी, ज्ञान कुमार,मौलाना मनाजिर हसनैन, असगर मेहदी,वकार हुसैन, ,रियाज मोहसिन ,रूमी आब्दी,नेहाल हैदर, एजाज हुसैन, कैफी रिजवी, नियाज ,सैय्यद हसनैन कमर, अजादार हुसैन समीर प्रधान बिस्वा, नयाब हसन सोनू,शम्सी आजाद ,सहित हजारों की संख्या में मोमनीन मौजूद रहे। अंत में कमेटी की ओर से शाहिद मेहदी ने लोगों के प्रति आभार प्रगट किया। कार्यक्रम का संचालन बेलाल हसनैन व मौलाना शेख हसन जाफर ने किया।

## काशी में महाशिवरात्रि पर 40 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर हो रही है तैयार

### अलग -अलग रूप में शिव जी नंदी पर विराजमान होकर करेंगे काशी भ्रमण



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** जनपद में महाशिवरात्रि पर काशी में भगवान शिव नंदी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण कर बरसाएंगे काशी वासियों पर अपना आशीर्वाद। महाशिवरात्रि के लिए बाबा भोलेनाथ की सबसे बड़ी प्रतिमा तैयार कराई जा रही है। हिमालय पर विराजमान बाबा भोलेनाथ और मां पार्वती एक-दूसरे को माला पहनाते हुए दिखेंगे। शिव बरात में भी अलग-अलग मुद्राओं में भगवान शिव की झांकी दिखेगी। इसमें भगवान शिव अर्धनारीश्वर रूप में होंगे। काशी में महाशिवरात्रि की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां बाबा भोलेनाथ की 40 फीट की विशाल प्रतिमा बनाई जा रही है। शिव बरात में भी अलग-अलग मुद्राओं में भगवान शिव की झांकी दिखेगी। इसमें भगवान शिव अर्धनारीश्वर रूप में होंगे। बाबा विश्वनाथ की नगरी में महाशिवरात्रि पर घर से लेकर शिवालय तक अभिषेक और पूजन होगा। शिव बरात भी निकाली जाएगी। पूजा पंडाल भी बनाए जा रहे हैं, जहां बाबा की विभिन्न मुद्राओं की प्रतिमाएं बैठाई जाएंगी। मूर्तिकार अभिजीत विश्वास ने बताया कि महावीर मंदिर भोजूबीर से शिवबरात निकाली जाएगी। इस बरात में भगवान शिव की 40 फीट की प्रतिमा शामिल होगी। बाबा भोलेनाथ नंदी पर विराजमान होंगे। एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे से आशीर्वाद देते दिखेंगे। गुरुधाम मंदिर में बाबा अर्धनारीश्वर रूप में होंगे। जबकि भदैनी पानी टंकी के पास पहाड़ पर बैठी मां पार्वती और शिवजी एक-दूसरे को माला पहनाएंगे। जबकि महादेव कॉलोनी कैंट में शिवबरात में शिव जी की खड़ी मुद्रा में प्रतिमा होगी। शहर में भगवान शिव की एक दर्जन से अधिक प्रतिमाएं बैठाई जाएंगी। साथ ही शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

## महाशिवरात्रि पर्व पर उच्च अधिकारियों ने किया धार्मिक स्थलों का नरीक्षण



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ० कौस्तुभ के साथ आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत त्रिलोचन महादेव धाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वप्रथम महादेव के चरणों में नमन करता हूं। यह भूमि सनातन धर्म की ऊर्जावान आभाषीय सांस्कृतिक गरिमा से प्रकाशमान है। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसके दृष्टिगत तैयारियो का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि पर्व के संबंध में मंदिर के पदाधिकारीगण तथा संबंधित अधिकारीगण के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि त्रिलोचन महादेव मंदिर परिसर सहित अन्य मंदिर/शिवालय में साफ सफाई होनी चाहिए कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील किया कि प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का प्रयोग ना करें। मंदिर परिसर में स्थित दुकानों पर भी पॉलीथिन का प्रयोग नहीं होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहने चाहिए। श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध तरीके से दर्शन कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी श्रद्धालु आएंगे उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज तपोभूमि पर महाकुंभ होने के कारण इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम गए है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महादेव ने हमारा चुनाव श्रद्धालुओं को दर्शन कराने हेतु किया है। इस भाव के साथ सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। सीसीटीवी पर्याप्त की संख्या में लगे होने चाहिए तथा सक्रिय अवस्था में होने चाहिए। इस दौरान श्रद्धालुओ हेतु सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।इस अवसर पर एसपी सिटी, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण मंदिर प्रशासन से जुड़े पदाधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर में 6160 लाभार्थियों को बांटा गया चशमा



**कादीपुर।** लोकाधिकार सेवा समिति,बरौसा द्वारा सुलतानपुर स्थित कादीपुर ब्लाक परिसर में रविवार को मुफ्त नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ल बेबी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने कहा कि जिले के प्रख्यात समाजसेवी चन्द्रशेखर शुक्ल बेबी भइया ने आज कादीपुर ब्लाक परिसर में सेवाभाव का प्रकटीकरण करते हुए यह विशाल शिविर आयोजित कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी बिखेरने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। हम इनका स्वागत करते हैं। कादीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ श्रवण मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर में लखनऊ सुलतानपुर के प्रख्यात चिकित्सकों की टीम द्वारा 6160 लोगों का परीक्षण किया गया और मानक के अनुरूप उन्हें चश्मा वितरण किया गया। लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ल ने बताया कि संस्था द्वारा विगत 19 वर्षों से समय-समय पर लोक कल्याणार्थ हेतु तमाम लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। इसी कड़ी मे रविवार को कादीपुर ब्लाक परिसर में यह नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को समिति द्वारा सेवायें प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह मे अभी तक लगभग 1251, कन्याओं का विवाह संपन्न करा चुके हैं कार्यक्रम में लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर शुक्ल रिंकू भइया, कादीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ श्रवण मिश्रा, बार एसोसिएशन कादीपुर अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष दयाराम पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ सी बी शुक्ल, करौदी ब्लॉक प्रमुख सर्वेश मिश्र,जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल, एनआईसी प्रवक्ता अजय बहादुर सिंह,वरिष्ठ पत्रकार केशव प्रसाद मिश्र, रितेश दुबे पप्पु, पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी, अमरीश मिश्र, रमाकांत बरनवाल, बिजय गिरी,सभाजीत पांडेय, रोहित उपाध्याय, अधिवक्ता दयाराम पांडेय,सुभाष त्रिपाठी, आई पी पांडेय, अधिवक्ता प्रवीण शुक्ला, अभिषेक पांडेय, अमर बहादुर तिवारी, विश्वनाथ मिश्रा, उमाशंकर मिश्र, आदेश मिश्र, प्रधान नीरज पांडेय, संदीप दुबे, नवीन सिंह, राहुल शुक्ला, संजय शुक्ला, हरीश दुबे, सुनील वर्मा, अरुण बर्मा, पंच बहादुर वर्मा, प्रधान विक्की यादव, संजीत सिंह, महेश तिवारी, हैपी पांडेय, अंजनी यादव, मिठू शुक्ला, बबलू तिवारी, आकाश दुबे, प्रदीप जयसवाल, अमर बहादुर सिंह,दीपक शुक्ल, कृष्णा सिंह, गुरु प्रसाद मिश्र सहित क्षेत्र के कई सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित थे और अधिवक्ता सभाष त्रिपाठी,आचार्य नीरज मिश्र ने कार्यक्रम मे मंच संचालन किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 ट्राफी विजेता होने पर भव्य बाटी-चोखा का आयोजन

-आचार्य सूरजपाल यादव




प्रयागराज । प्रयागराज जिले के नुमायां डाही खेल मैदान पर सरदार पटेल क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 का भव्य आयोजन किया गया जहाँ 64 टीमों ने हिस्सा लिया और यह टूनार्मेंट 47 दिनों तक चला जिसमें फाइनल मुकाबले में वेद स्पोर्टिंग क्लब फूलनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये अपने प्रतिद्वंद्वी उपविजेता जनता एक्सप्रेस बक्शी मोहडा की टीम पर शानदार जीत दर्ज करते हुये ट्राफी पर कब्जा जमाया । बतादें कि इस जीत में वेद स्पोर्टिंग क्लब के कैप्टन विपिन मिश्रा की अगुवाई में रवि मौर्या ने शानदार 95 रनों की लंबी पारी व अमित यादव (बिहारी) के शानदार बालिंग व पूरी टीम की रणनीति के दम पर जीत दर्ज करते हुये ट्राफी अपने नाम करने में कामयाबी हासिल किया । इस जीत की खुशी में वेद स्पोर्टिंग क्लब के मालिक फूलनगर गांव प्रधान शनि यादव व खेडुआ गाँव प्रधान तीरथ सिंह यादव द्वारा उत्तर भारतीयों का प्रमुख व्यंजन बाटी चोखा का भव्य आयोजन यादव मार्केट फुलवा चौराहा पर किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने बाटी चोखा का आनंद लिया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में सरदार पटेल क्रिकेट टूनार्मेंट के अध्यक्ष लल्लन सिंह पटेल के साथ उनके सहयोगियों में पूर्व प्रधान दशानंद सिंह पटेल , वरिष्ठ समाजसेवक सालिकराम यादव (पहलवान), डा. लवकुश यादव , भूपेन्द्र सिंह पटेल , धीरसिंह यादव , मणिराज सिंह, ज्ञानबाबू केशरवानी , अनिल केशरवानी , हनुमान बली चौरसिया, कौशल कुशवाहा , एडवोकेट रामगोपाल पटेल, रघुराज मास्टर, अमरसिंह पटेल , हिंचलाल पटेल , राममनोहर पटेल , अश्विनी पटेल, ज्ञानेन्द्र पटेल , कमलेश मिश्रा, ठाकुर कंचन सिंह, बलवंत सिंह पटेल , रमाकांत पटेल , किन्नर पटेल , नीरज यादव , धीरज यादव, शत्रुधन यादव , वीरेन्द्र प्रताप यादव , दशरथ यादव, मुलायम यादव, सुभाष गुप्ता , जयकरन यादव , पूजा यादव , सोनू यादव , शेखर प्रजापति, बब्बू भट्ठा , मनोज सिंह , पिंटू सिंह , रजनीश पटेल , सतेन्द्र पटेल , कुंभकर्ण यादव , आशीष यादव आदि गणमान्य लोगों के साथ दैनिक उत्तरशक्ति के प्रतिनिधि व सूरजलोक के संपादक आचार्य सूरजपाल यादव की विशेष उपस्थिति रही है । उक्त संदर्भ में जानकारी देते हुये शनि यादव ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इन्हीं खिलाडियों में बहुत से प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जो आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे और देश ही नहीं विशव में अपने माता पिता के साथ अपने समाज अपने जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे ।










